अनुक्रमांक ......................................		समय : 2.00 घण्टा

नाम ...............................................		पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2019
# (सामाजिक अध्ययन)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** खुदाई द्वारा ऐतिहासिक तथ्यों का पता लगाने वाले व्यक्तियों को कहते हैं- **(1)**

(A) वैज्ञानिक		(B) इतिहासकार
(C) पुरातत्वविद्		(D) भू-वैज्ञानिक।

**2.** वेदों की संख्या है- **(1)**

(A) एक		(B) दो
(C) तीन		(D) चार

**3.** मेसोपोटामिया की सभ्यता का जन्म हुआ था- **(1)**

(A) नील नदी की घाटी के किनारे		(B) सिन्धु नदी की घाटी के किनारे
(C) दजला-फरात नदी घाटी के किनारे		(D) यांगटिसीक्यांग नदी घाटी के किनारे।

**4.** हड़प्पा सभ्यता से सम्बन्धित स्थल 'कालीबंगा' स्थित है- **(1)**

(A) गुजरात में		(B) राजस्थान में
(C) उत्तर प्रदेश में		(D) बंगाल में।

**5.** मुद्रण कला के आविष्कारक थे- **(1)**

(A) यूनानी		(B) रोमन
(C) ईरानी		(D) चीनी।

**6.** जैन धर्म के संस्थापक थे- **(1)**

(A) ऋषभदेव		(B) महावीर स्वामी
(C) पार्श्वनाथ		(D) अरिष्टनेमि।

**7.** द्वितीय बौद्ध संगीत (सभा) का आयोजन हुआ था- **(1)**

(A) अशोक के शासन काल में		(B) अजातशत्रु के शासन काल में
(C) कालाशोक के शासन काल में		(D) कनिष्क के शासन काल में

**8.** सिकन्दर ने भारत पर आक्रमण किया था- **(1)**

(A) 321 ई.पू. में		(B) 322 ई.पू. में
(C) 324 ई.पू. में		(D) 326 ई.पू. में

**9.** सूर्य के सबसे निकट ग्रह है- **(1)**

(A) पृथ्वी		(B) मंगल
(C) बुध		(D) शुक्र।

**10.** निम्न में से कौन-सा कथन सही नहीं है? **(1)**

(A) दिशा, दूरी व प्रतीक मानचित्र के घटक हैं

(B) मानचित्र का नीचे का सिरा उत्तर दिशा में होता है

(C) दिक्सूचक यन्त्र की चुम्बकीय सुई सदैव उत्तर व दक्षिण दिशा में ठहराती है

(D) सड़कें, रेल, कस्बा आदि के सही स्वरूप को मानचित्र द्वारा दर्शाया जा सकता है।

**11.** अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा कहते हैं- **(1)**

(A) 180° देशान्तर रेखा को

(B) 0° देशान्तर रेखा को

(C) 0° से 180° (दाहिने हाथ) पूर्वी देशान्तर तक के भाग को

(D) 0° से 180° (बाएँ हाथ) पश्चिमी देशान्तर तक के भाग को।

**12.** नीला ग्रह (ब्लू प्लेनेट) कहते हैं- **(1)**

(A) सूर्य को

(B) पृथ्वी को

(C) चन्द्रमा को

(D) शुक्र को

**13.** आर्यभट्ट थे - **(1)**

(A) खगोलशास्त्री

(B) इतिहासकार

(C) नाटककार

(D) पुरातत्वविद्

**14.** आधुनिक अर्थशास्त्र के जनक हैं- **(1)**

(A) एडम स्मिथ

(B) कीन्स

(C) मार्शल

(D) अमर्त्य सेन।

**15.** नगर निगम के सदस्यों का कार्यकाल होता है- **(1)**

(A) दो वर्ष

(B) तीन वर्ष

(C) चार वर्ष

(D) पाँच वर्ष।

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** महर्षि वेद व्यास ने किस महाकाव्य की रचना की थी? **(1)**

**17.** कुशीनगर कहाँ है? यह क्यों प्रसिद्ध है? **(1)**

**18.** हड़प्पा सभ्यता के प्रमुख देवी-देवता के नाम लिखिए। **(1)**

**19.** सिन्धु सभ्यता और वैदिक सभ्यता में अन्तर बताइए। **(1)**

**20.** छठी शताब्दी ई. पू. भारत में कुल कितने महाजनपद थे? **(1)**

**21.** जैन धर्म के प्रवर्तक कौन थे? **(1)**

**22.** उल्का पिण्ड से आप क्या समझते हैं? **(1)**

**23.** पृथ्वी को हरित ग्रह (ग्रीन प्लेनेट) क्यों कहते हैं? **(1)**

**24.** सबसे छोटे महाद्वीप का नाम लिखिए। **(1)**

**25.** पृथ्वी के किस भाग में सूर्यातप अधिकतम प्राप्त होता है? **(1)**

**26.** पंचायत व्यवस्था कितने स्तरो पर कार्य करती है? **(1)**

**27.** NASA (नासा) का पूरा नाम क्या है? **(1)**

**28.** स्वशासन से आप क्या समझते हैं? **(1)**

**29.** राष्ट्रीय आय की परिभाषा दीजिए। **(1)**

**30.** नगर-निगम के अध्यक्ष को क्या कहते हैं? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** इतिहास लेख में सिक्के एवं अभिलेख किस प्रकार सहायक होते हैं? लिखिए। **(2)**

**32.** पुरापाषाण काल व नव पाषाण काल के औजारो में क्या अन्तर थे? स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**33.** गिजा का पिरामिड संसार के आश्चर्यजनक स्मारकों में क्यों गिना जाता है? **(2)**

**34.** सिकन्दर के आक्रमण का भारत पर क्या प्रभाव पड़ा? **(2)**

**35.** 'त्रिरत्न' और 'अष्टांगिक मार्ग' क्या हैं? यह किनसे सम्बन्धित हैं? लिखिए। **(2)**

**36.** मानचित्र क्या होता है? मानचित्र के दो प्रयोग लिखिए। **(2)**

**37.** जिले का सर्वोच्च अधिकारी कौन होता है? जिले के प्रशासन में उसकी भूमिका का वर्णन कीजिए। **(2)**

**38.** सड़क दुर्घटना से बचाव के चार उपाय लिखिए। **(2)**

**39.** अर्थशास्त्र से क्या समझते हैं? अर्थशास्त्र के महत्व का उल्लेख कीजिए। **(2)**

**40.** कर्क रेखा व मकर रेखा से आप क्या समझते हैं? **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/samajik-adhyayan/2019

2. सामाजिक अध्ययन का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/samajik-adhyayan/

3. सामाजिक अध्ययन के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/samajik-adhyayan/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin

YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN